# खाकी वर्दी वालों पर चढ़ा होली का रंग

**उज्जैन।** शहर में किसी प्रकार की भी कोई अप्रिय घटना न हो, चहुंओर अपनी पैनी नजर और नगर में त्योहारों को शांति और सौहार्द के साथ निपटाने वाली पुलिस अपना समय नहीं देखती है। सिर्फ अपनी ड्यूटी को ही प्राथमिकता देती है। ऐसे में कोई उन्हें यह तक नहीं करता की पानी या चाय लाकर दे दे।

फिर भी मुस्तैदी के साथ अपनी ड्यूटी निभाकर नागरिकों को चैन से सोने के लिए कह देती है। ऐसी पुलिस भी अपना त्योहार होली और रंगपंचमी अगले दिन बड़े ही उत्साह के साथ मनाती है। होली पर्व दूसरे दिन गुरुवार को खाकी वर्दी वालों पर होली का रंग चढ़ा। पुलिस लाइन में सभी रंग गुलाल अबीर से रंग बिरंगे दिखाई दिए। खाकी वर्दी वालों ने जमकर होली खेली और एक दूसरे को बधाई दी।



## एसपी ने जवानों को मिठाई खिलाकर दी शुभकामनाएं

होली पर्व पर बुधवार दोपहर एसपी प्रदीप शर्मा शहर भ्रमण पर निकले। इस दौरान उन्होंने चेकिंग पॉइंट पर तैनात पुलिस कर्मियों को मिठाई खिलाकर होली की शुभकामनाएं दी। उन्होंने पुलिस कर्मियों का हौंसला बढ़ाते हुए कहा कि कानून व्यवस्था और सुरक्षा व्यवस्था हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। पुलिस अधीक्षक ने सभी को अपने हाथों से मिठाई खिलाई और ऐसे ही मुस्तैदी से कर्त्तव्य निष्ठा का पालन करने के निर्देश दिए। बता दें कि प्रमुख चौराहों पर पुलिस का बंदोबस्त काफी अच्छा था।

शहर में बुधवार को होली का पर्व मनाया गया। इस दौरान पुलिस सुरक्षा व्यवस्था के साथ कानून व्यवस्था में पूरी तरह से अलर्ट दिखाई थी। जहां शहर वाले होली की मस्ती में डूबे हुए थे वहीं पुलिस चौराहों पर तैनाती और लगातार गली मोहल्लों में पेट्रोलिंग की जा रही थी। हमेशा की तरह होली के दूसरे दिन पुलिस की होली का कार्यक्रम आयोजित किया गया। देवास रोड स्थित पुलिस लाइन में होली उत्सव की व्यवस्था की गई थी। सुबह 11 बजे बाद खाकी वर्दी पर होली का रंग चढ़ाना शुरू हुआ। कुछ देर में ही रंग गुलाल और अबीर से पुलिसकर्मी रंगे दिखाई देने लगे। होली पर्व की मस्त मस्ती और उत्सव में महिला पुलिसकर्मी भी शामिल हुई। जमकर पानी की फुहारों के बीच होली का मनोरंजन किया गया।

## पुलिस लाइन में हुआ आयोजन

जहां पुलिस अधसीक्षक प्रदीप शर्मा सहित अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, सीएसपी, थाना प्रभारी के साथ एसआई, एएसआई, प्रधान आरक्षक और आरक्षक भी होली उत्सव में शामिल हुए। वहीं कलेक्टर रोशन कुमार सिंह भी पुलिस के साथ होली खेलने के लिए पुलिस लाइन पहुंचे थे। करीब तीन घंटे तक होली का आयोजन चला रहा। पुलिस कर्मी रंग पंचमी पर भी ड्यूटी पर तैनात रहेंगे और दूसरे दिन थाना स्तर पर रंग पंचमी खेली जाएगी। यह आयोजन ग्रामीण क्षेत्रों में भी हुआ।

# कलेक्टर बंगले पर भी रही होली उत्सव की धूम

**उज्जैन।** रंगों के पर्व होली के अवसर पर कलेक्टर बंगले पर जमकर होली खेली गई। कलेक्टर रोशन सिंह द्वारा आयोजित इस रंगारंग समारोह में रंग-गुलाल के साथ भांग, ठंडाई, गुजिया और भुजिया का विशेष प्रबंध किया गया। इस दौरान नृत्य और शानदार गीत-संगीत के दौर ने उत्सव के उल्लास को और बढ़ा दिया।



उल्लासपूर्ण समारोह में शहर के प्रमुख प्रशासनिक अधिकारियों और गणमान्य जनों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। आयोजन में मुख्य रूप से उज्जैन एसपी प्रदीप शर्मा, महाकाल मंदिर प्रशासक प्रथम कौशिक, एडीएम अतेंद्र सिंह, एसडीएम शाश्वत शर्मा, स्वामी मुस्कराके, निज सचिव जयेश मोरे और मंगलनाथ मंदिर प्रशासक पाठक मौजूद रहे। सभी अतिथियों ने एक-दूसरे को रंग लगाकर इस रंगारंग समारोह का आनंद लिया।

# लिपिकों का होली मिलन समारोह आज

▶ म.प्र. लिपिकवर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ उज्जैन का आयोजन

**उज्जैन।** म.प्र. लिपिकवर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ उज्जैन द्वारा संयुक्त नगरीय तहसील कार्यालय कोठी महल के परिसर में आज 6 मार्च को लिपिक कर्मचारियों का होली मिलन समारोह आयोजित किया जा रहा है।

संघ के जिला शाखा अध्यक्ष चित्रेश वाघे ने बताया कि समारोह अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा उज्जैन के अध्यक्ष एमएस पटेल के मुख्य आतिथ्य में होगा। लिपिक संघ के पूर्व कार्यकारी प्रांताध्यक्ष देवेन्द्र व्यास विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। संघ के जिला सचिव नवीन तेजनकर और सुनील चौहान ने बताया कि संघ की स्थापना के 45 वर्ष पूर्ण होने जा रहे हैं। भोपाल के रवींद्र भवन में मुख्यमंत्री के मुख्य आतिथ्य में एक भव्य स्वर्ण जयंती समारोह आयोजित किया जाना है।

## प्रांतीय पदाधिकारियों का होगा स्वागत

समारोह के दौरान संघ की प्रांतीय कार्यकारिणी में उज्जैन जिले से मनोनीत प्रांतीय पदाधिकारियों आरएस मकवाना, जीएम जाटवा, प्रवीण जोशी और सतीश परमार का स्वागत भी किया जाएगा। संघ की महिला शाखा अध्यक्ष उज्जवला गज्जर, अनिता लढ़ा, प्रिया मरमट, लता शर्मा, रूपाली नागर ने साथियों से शामिल होने की अपील की है।

# कोली कोठार समाज ने निकाली विशाल गेर

**उज्जैन।** कोली कोठार समाज पंचायत उज्जैन द्वारा परंपरा अनुसार इस वर्ष भी 4 मार्च 2026 को धूमधाम से होली का पर्व मनाया गया। इस अवसर पर ढोल-नगाड़ों के साथ समाज की विशाल गेर निकाली गई। समाज के उपाध्यक्ष शैलेंद्र भाटिया ने बताया कि इसमें उज्जैन के अलावा मध्य प्रदेश के अन्य नगरों, ग्रामों एवं तहसीलों से भी समाजजन शामिल हुए।

परंपरा के अनुसार गेर होली टेकरा डाबरी पीठा से प्रारंभ हुई। इसके बाद समाज की धर्मशाला स्थित भैरव महाराज का पूजन किया गया। तत्पश्चात समाज के गमी वाले परिवारों के घर पहुंचकर एकत्रित समाजजनों द्वारा रंग डालने की परंपरा पूर्ण की गई। सभी ने एक-दूसरे से गले मिलकर और रंग-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। इनके साथ ही हेमंत पंवार, हरिनारायण चौहान, जितेंद्र सोलंकी, भूपेंद्र कछवाय, स्वप्निल कछवाय सहित समाजजनों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

## जगह-जगह किया स्वागत, उमड़े समाजजन

गेर में महिला, पुरुष, बुजुर्ग और बच्चों सहित लगभग 1000 से अधिक समाजजन पैदल और अपने वाहनों से शामिल हुए। इस अवसर पर अखिल भारतीय कोली समाज के पूर्व अध्यक्ष और पूर्व सांसद सत्यनारायण पंवार प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। वहीं कांग्रेस नेता सुनील कछवाय के निवास पर गेर का स्वल्पाहार से स्वागत किया गया।

# उत्तरप्रदेश के युवक का उज्जैन में कराया अंतिम संस्कार

▶ मामा से मिलने आए युवक को आगर रोड पर अज्ञात वाहन ने कुचला था

**उज्जैन।** मामा से मिलने आए युवक को आगर रोड पर अज्ञात वाहन ने कुचल दिया। युवक की मौके पर ही मौत हो गई। वह उत्तर प्रदेश के ललितपुर का रहने वाला था जिसका अंतिम संस्कार उज्जैन में कराया गया। ग्राम जैथल में ईंट भट्टे पर राजकुमार काम करता है जिसका मुंह बोला भांजा राजवीर पिता नंदलाल 23 वर्ष 2 दिन पहले मिलने आया था। मंगलवार-बुधवार रात आगर रोड नाकोड़ा पेट्रोल पंप के समीप पैदल सड़क पार करते समय राजवीर को अज्ञात वाहन ने कुचल दिया। जिसकी मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना की सूचना पर पुलिस पहुंची मृतक के पास मिले मोबाइल से उसकी पहचान की गई। मुंह बोला मामा राजकुमार मौके पर पहुंचा। मृतक युवक की बॉडी पोस्टमार्टम के लिए चरक अस्पताल पहुंचाई गई। बुधवार सुबह पोस्टमार्टम कराया गया इस दौरान राजकुमार ने बताया कि राजवीर के आगे पीछे कोई नहीं है वह ट्रक पर क्लीनर का काम करता था। राजवीर की मुंहबोली बहन उसके गांव में रहने वाली है। जिसके चलते वह राजवीर को पहचानता था। उसकी मन क्लीनर में नहीं लग रहा था जिसके चलते वह काम छोड़कर जैथल आया था। उसके माता-पिता नहीं है जिसके चलते उसका अंतिम संस्कार उज्जैन में ही कराया जा रहा है। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद राजकुमार के बयान दर्ज कर शव अंतिम संस्कार के लिए सौंप दिया।



## मुंबई के दर्शनार्थियों की पलटी कार, 5 घायल

उज्जैन। भैरवगढ़ थाना क्षेत्र में हुई दुर्घटना के बाद अजय पिता दिलीप, वैष्णवी पति अनिकेत, शांति पति ओमप्रकाश यादव, सोनल पिता ओमप्रकाश और पूनम को चरक अस्पताल लाया गया था। सभी को चोट लगी थी। डॉक्टरों ने उपचार के बाद उन्हें वार्ड में भर्ती किया है। बताया जा रहा है कि सभी मुम्बई के रहने वाले हैं और कार में सवार होकर महाकाल दर्शन के लिए उज्जैन आ रहे थे। हादसा सुबह 10 बजे के लगभग हुआ। अचानक कार अनियंत्रित होने के बाद पलटी खा गई थी।

# मिशन रक्तक्रांति ने किया चरक अस्पताल में रक्तदान

**उज्जैन।** यूं तो अनेक सामाजिक संस्थाएं निर्धन और असहाय लोगों की मदद करती रहती है। वहीं जन्मदिन या फिर पुण्यतिथि पर निर्धनों को भोजन आदि भी कराया जाता है। लेकिन बीमारों के बारे में सोचना और उन्हें खून की कमी होने पर तुरंत उपलब्ध कराना भी बहुत बड़ी समाजसेवा है।

कभी कभार खून की कमी से मरीज की जान तक चली जाती है। ऐसे ही मरीजों को बचाने के लिए विगत शनिवार को उज्जैन के चरक अस्पताल में मिशन रक्तक्रांति हिंदुस्तान अभियान के तहत देशभर से आए पांच शतकवीर रक्तदानियों ने रक्तदान कर जागरूकता का संदेश दिया।




रक्तक्रांति की मशाल लेकर क्षिप्रा के पावन तट और बाबा महाकाल की नगरी में पहुंचे इन पांच रक्तदानियों में हिमाचल प्रदेश से नरेश शर्मा, हरियाणा के कुरुक्षेत्र से संजीव मेहता, गुजरात के बड़ौदा से महेंद्र रक्तदानी, इंदौर से दीपक विभाकर नाईक और अहमदाबाद से एकमात्र महिला रक्तदाता वैशाली पंड्या शामिल थीं। इन सभी ने संयुक्त रूप से रक्तदान कर इस अभियान को गति प्रदान की। उल्लेखनीय है कि ये सभी शतकवीर रक्तदानी हैं।

## अस्पताल में चिकित्सकों ने किया सम्मान

इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. संगीता पल्सानिया, डॉ. संगीता गुप्ता एवं अस्पताल के समस्त स्टाफ का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। अस्पताल प्रबंधन द्वारा सभी पांचों शतकवीर रक्तदानियों का सम्मान भी किया गया। इस दौरान डॉ. राजश्री जोशी एवं राजेंद्र जोशी भी विशेष रूप से उपस्थित थे।

# दो दिवसीय महाअधिवेशन कल से

▶ अभा जैन श्वेतांबर सोशल ग्रुप फेडरेशन मालवा निमाड़ करेगा

**उज्जैन।** अखिल भारतीय जैन श्वेतांबर सोशल ग्रुप फेडरेशन मालवा निमाड़ रीजन द्वारा सभी ग्रुपों के बीच संबंधों को प्रेम विश्वास और मित्रता से जीवन्त बनाने के लिये भगवान महाकालेश्वर की नगरी उज्जैन में इंदौर रोड स्थित निजी होटल में 7, 8 मार्च को दो दिवसीय महा अधिवेशन का आयोजन पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष पीयूष जैन व संजय नाहर के नेतृत्व में किया जा रहा है। मुख्य संयोजक प्रभात चोपड़ा, अशोक कुमार मोदी, मोनिका मेहता, अरिहंत जैन व किरण सिरोलिया अपने अथक परिश्रम से इसे यादगार बनाने में जुटे हुए है। जैन रत्न जयसिंह जैन व महाराष्ट्र प्रभारी गौतम मुणोत जालना इस आयोजन के मुख्य सहयोगी है।

अशोक कुमार मोदी ने बताया कि मालवा व निमाड़ से 500 से अधिक सदस्य इस अधिवेशन में अपनी उपस्थिति देकर इसे गरिमा प्रदान करेंगे। मालवा रीजन के कांता बांठिया, प्रतीक डोसी, पारस मोदी, हेमंत कोठारी, प्रकाश नाहर, विनोद जैन संदीप भंडारी व सभी गग्रुप अध्यक्षों के सहयोग से व सर्वश्रेष्ठ व्यवस्थाओं और यादगार कार्यक्रमों से फेडरेशन के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में अंकित होगा।

# एक नजर में



## विज्ञान में नारी शक्ति पर हुआ मंथन

**उज्जैन।** शासकीय कालिदास कन्या महाविद्यालय उज्जैन में 2 मार्च को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में विज्ञान में नारी शक्ति परंपरा से प्रगति तक विषय पर एक प्रेरणादायी व्याख्यान का आयोजन किया गया। डॉ. भावना नागर के संयोजन में आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना एवं महाविद्यालय के कीर्तिगान से हुआ। यह आयोजन नारी शक्ति, भारतीय परंपरा और वैज्ञानिक चेतना के समन्वय का उत्कृष्ट उदाहरण सिद्ध हुआ। अतिथि स्वागत के पश्चात मुख्य अतिथि डॉ. निश्चल यादव ने छात्राओं को विश्व एवं भारत की विख्यात महिला वैज्ञानिकों की उपलब्धियों से परिचित कराया। उन्होंने विज्ञान एवं अनुसंधान से संबंधित विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी देते हुए छात्राओं को इन अवसरों का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। विशिष्ट वक्ता डॉ. रेखा खन्ना ने मानव ऊर्जा के मूल स्रोत के रूप में मातृ-डीएनए कोशिकाओं की वैज्ञानिक भूमिका पर प्रकाश डाला। डॉ. अमिता सिंघल ने छात्राओं को महान वैज्ञानिक सीवी रमन के व्यक्तित्व एवं कृतित्व से अवगत कराया और वैज्ञानिक जिज्ञासा, अनुशासन एवं सतत प्रयास को सफलता का आधार बताया। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य डॉ. वंदना गुप्ता ने भारतीय परंपरा और वैज्ञानिकता के समन्वित स्वरूप पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर विज्ञान संकाय की छात्राओं द्वारा आकर्षक एवं ज्ञानवर्धक प्रदर्शनी प्रस्तुत की गई। जिसमें विविध वैज्ञानिक अवधारणाओं का सृजनात्मक प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में प्रोफेसर मोनिका परमार ने अतिथि परिचय दिया एवं डॉ. मधु खंडेलवाल ने विज्ञान संकाय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। संचालन डॉ. एकता दुबे ने किया तथा आभार प्रदर्शन डॉ. भावना नागर द्वारा किया गया। इस दौरान समस्त महाविद्यालयीन परिवार एवं बड़ी संख्या में छात्राओं की उत्साहपूर्ण उपस्थिति रही।



## होली मिलन में जीवंत हुईं यादें

**उज्जैन।** फ्रीगंज स्थित शंकु मार्ग के पुराने रहवासियों का द्वितीय होली मिलन समारोह पुरानी यादों और आत्मीयता के साथ संपन्न हुआ। कभी पूरी तरह आवासीय रहा यह क्षेत्र अब व्यावसायिक गतिविधियों का केंद्र बन चुका है, लेकिन होली के बहाने यहां के पुराने वाशिंदे एक बार फिर एकजुट हुए। अल्प सूचना के बावजूद समारोह में करीब 75 सदस्य शामिल हुए और एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। समारोह के दौरान वरिष्ठजनों का सम्मान किया गया। वर्षों बाद अपने पुराने पड़ोसियों से मिलकर कई बुजुर्ग भावुक हो उठे। उपस्थित सदस्यों ने अतीत की यादें साझा करते हुए बताया कि उस दौर में शंकु मार्ग सिर्फ घरों का समूह नहीं, बल्कि एक वृहद परिवार था। घरों में औपचारिकताओं का बंधन नहीं था और विवाह या गमी के अवसरों पर पूरा मोहल्ला एक साथ खड़ा नजर आता था। समय के साथ अलग-अलग कॉलोनियों में बस चुके परिवारों को पुन: जोड़ने का कार्य अरुण जैन, संजय गोधा और अरविंद जैन के प्रयासों से संभव हो सका। कार्यक्रम के समापन पर माहौल फिर गमगीन हो गया। नम आंखों और अगले वर्ष पुन: मिलने के वादे के साथ सभी ने एक-दूसरे से विदा ली।

## वर्मा निभाएंगे मुख्य जज की भूमिका

**उज्जैन।** जम्मू में 7 से 12 मार्च तक ऑल इंडिया पुलिस गेम्स (जिमनास्टिक) का आयोजन होने जा रहा है। इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय खेल आयोजन में अंतरराष्ट्रीय निर्णायक आरएल वर्मा को मुख्य निर्णायक के रूप में आमंत्रित किया गया है। जिला जिमनास्टिक संगठन के अध्यक्ष सावन बजाज और सचिव ओपी शर्मा ने बताया कि इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में देश के सभी राज्यों की पुलिस टीमों के अलावा सीआरपीएफ, बीएसएफ और आईटीबीपी की टीमें भी भाग लेंगी और जिमनास्टिक स्पर्धाओं में अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगी। आरएल वर्मा को मुख्य निर्णायक बनाए जाने पर जिला जिमनास्टिक संगठन के पदाधिकारियों और खेल प्रेमियों में उत्साह है। संगठन के संरक्षक नारायण यादव, कलावती यादव, एमजी सुपेकर, केके खंडेलवाल, मनोहर शर्मा, संजय जौहरी, राजकुमार सोलंकी, महेंद्र सिंह राजपूत, दिलीप चौहान, नरेंद्र श्रीवास्तव, अविनाश श्रीवास और नवीन आर्य आदि ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है।

## 6 वर्षीय आइजा ने रखा पहला रोजा

**उज्जैन।** रमजान के मुकद्दस माह में बड़ों के साथ अब बच्चे भी इबादत में पीछे नहीं हैं। शहर के आदर्श नगर निवासी महज 6 वर्षीय बालिका आइजा अल्ताफ शेख ने बुधवार को अपनी जिंदगी का पहला रोजा रखा। इतनी कम उम्र में भूख और प्यास की शिद्दत बर्दाश्त कर नन्ही आइजा ने अपना रोजा पूरा किया। बेटी के पहले रोजे पर परिवार में हर्ष का माहौल रहा। परिजनों ने बच्ची को दुआएं देते हुए कहा कि अल्लाह उसका रोजा कबूल करे और उसे हमेशा अपनी हिफाजत में रखे। इस अवसर पर समाजजनों और रिश्तेदारों ने भी नन्ही रोजेदार की हौसला अफजाई की।

**चिंतामण की जत्रा...** ▶ सुबह 5 बजे पट खुलने के बाद भगवान का अभिषेक व चोला चढ़ाया, दूसरी 11 मार्च को आएगी

# चैत्र की पहली जत्रा पर हजारों श्रद्धालु चिंतामन में दर्शन करने उमड़े

**उज्जैन।** यूं तो शहर में धार्मिक आयोजन होना आम बात है। लेकिन शहर से दूर स्थित चिंतामन गणेश मंदिर की ख्याति अपने आप में प्रसिद्ध है। यहां पर बुधवार के अलावा भी श्रद्धालुओं का आजना जाना लगा रहता है। चिंतामण गणेश पर खास जत्रा को लेकर शहर के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में खासा उत्साह रहता है। इस समय कृषक अपने गेहूं निकालते हैं और चिंतामण भगवान को आकर चढ़ाते हैं उसके बाद ही मंडी में लेकर जाते हैं। इसके बाद चैत्र मास की पहली जत्रा पर प्रसिद्ध चिंतामन गणेश मंदिर में दर्शन के लिए हजारों श्रद्धालु उमड़ते हैं। बुधवार से जत्रा आरंभ हुई। अब दूसरी जत्रा 11 मार्च को आएगी। चिंतामन गणेश मंदिर के पुजारी गणेश गुरु ने बताया कि सुबह 5 बजे मंदिर के पट खोले गए। इसके बाद भगवान गणेश जी का अभिषेक-पूजन कर चोला श्रृंगार किया गया। भोग लगाकर आरती की गई। फिर मंदिर में आम दर्शन का सिलसिला शुरू हुआ। रात तक हजारों की संख्या में श्रद्धालु भगवान गणेश जी के दरबार में मनोकामनाएं लेकर पहुंचे और दर्शन-पूजन कर आशीर्वाद लिया। चैत्र मास के प्रति बुधवार को जत्रा लगेगी। दूर-दूर से श्रद्धालु आस्था के साथ जत्रा में उमड़ते हैं। चिंतामन गणेश मंदिर के पुजारी गणेश गुरु जी ने बताया कि चैत्र मास की प्रत्येक जत्रा में श्रद्धालु मनोकामनाएं लेकर आते है। ऐसी मान्यता है कि इस दिन की गई प्रार्थना को भगवान गणपति अवश्य पूर्ण करते हैं। मालवा की परंपरा के अनुसार इस समय क्षेत्र में गेहूं और चने की फसल पक चुकी होती है। किसान अपनी नई उपज को बेचने से पहले भगवान को समर्पित करते हैं। इसी विश्वास के साथ वे जत्रा में भाग लेते हैं।



## चैत्र में इस बार 5 बुधवार होने से 5 जत्रा का योग

इस बार चैत्र मास में कुल पांच बुधवार आ रहे हैं। इसलिए पांच जत्रा लगेगी। पहली जत्रा संपन्न होने के बाद दूसरी 11 मार्च को, तीसरी 18 मार्च को, चौथी 25 मार्च और पांचवीं व अंतिम जत्रा 1 अप्रैल को आ रही है। जत्रा के दौरान भक्तों की अधिक भीड़ को देखते हुए मंदिर समिति ने बाहर से ही दर्शन व्यवस्था रखी। मंदिर समिति के प्रबंधक लखन तिवारी ने बताया कि चैत्र मास की जत्रा के दौरान श्रद्धालुओं के पेयजल, छाया के लिए टेंट व कारपेड की व्यवस्था की गई है।

# युवक की सड़क दुर्घटना में मौत, बेटी-दोस्त घायल

▶ बीती रात साडू माता बावड़ी मार्ग पर
▶ सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**उज्जैन।** बीती रात साडू माता बावड़ी मार्ग पर सड़क दुर्घटना में युवक की मौत हो गई। बेटी और साथी घायल हुआ है। दुर्घटना के बाद चालक वाहन लेकर फरार हो गया था। पुलिस ने मामला दर्ज कर मृतक का पोस्टमार्टम कराया है।

भैरवगढ़ थाना पुलिस ने बताया कि साडू माता बावड़ी मार्ग चौराहा पर सड़क दुर्घटना की सूचना मिलने पर डायल 112 पहुंची थी। दुर्घटना स्थल पर दो युवक और एक बालिका घायल हालत में पड़े थे। जिन्हें उपचार के लिए चरक अस्पताल पहुंचाया। जहां घायल एक युवक की मौत होना सामने आया। घायल दूसरे युवक और बच्ची से पूछताछ में सामने आया कि मृतक संजय पिता अंबाराम मीणा निवासी गणेश नगर भैरवगढ़ है। घायल बच्ची साक्षी मीणा 8 साल मृतक की बेटी है। वहीं घायल युवक राकेश निवासी रतलाम है। दुर्घटना की सूचना मृतक के परिजनों को दी गई। वही सामने आया कि तीनों को टक्कर कार ने मारी थी। जो मौके से भाग निकला है।

## चार पहिया वाहन अर्टिगा से हुई दुर्घटना...!

आज सुबह पोस्टमार्टम के दौरान परिजनों ने बताया कि संजय अपनी बेटी और दोस्त राकेश के साथ ढाबे पर खाना खाने गया था जहां से वापस पैदल लौटते समय दुर्घटना हुई है। मृतक संजय उसका साथी राकेश साथ में मजदूरी का काम करते हैं। पुलिस के अनुसार मामले में मर्ग कायम किया गया है वहीं अज्ञात वाहन चालक की तलाश दुर्घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरो के माध्यम से की जा रही है। चार पहिया वाहन अर्टिगा कार होना सामने आ रहा है। जिसका नंबर ट्रेस होते ही चालक को हिरासत में लिया जाएगा।